## प्रारुप–6

# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**कार्य का नाम :–** जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.206हे0बन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

आज दिनाँक **13.12.14** को **लो0नि0वि0,लैन्सडौन,वन विभाग एवं राजस्व विभाग** के प्रतिनिधियों के द्वारा पालकोट से बरस्वार तक प्रस्तावित मार्ग/परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री **जयपाल सिंह भण्डारी, वन दरोगा,राजस्व विभाग की ओर से श्री सतेन्द्र सिंह बिष्ट, राजस्व उपनिरीक्षक प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री सुदेश कुमार बिंजोला,अपर सहायक अभियन्ता, व श्री महिपाल सिह, अमीन अन्य दावेदारों की ओर से श्री सूर्यदेव शाह ग्राम गोंयू तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती शोभा देवी, ग्राम प्रधान ग्राम बरस्वार** के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्ययता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें **2660मी0**नाप भूमि **870मी0** सिविल भूमि एवं **470मी0**आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस समरेखण/स्थल के चयन में **2.394हे0**नाप भूमि **0.783हे0सिविल भूमि 0.423हे0** आरक्षित वन भूमि कुल **3.600हे0 भूमि** प्रभावित होती है। जिसमें से कुल **1.206हे0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर **28**वृक्ष **चीड़,साल** प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होगें (प्रभावित होने वाले इन वृक्षों के अतिरिक्त 10–20व्यास वर्ग श्रेणी के 30वृक्ष चीड़ के भी प्रभावित होगे)। बांज प्रजाति का कोई वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें **2000मी0**नाप भूमि **800मी0** आरक्षित वन भूमि एवं 1200मी0 सिविल राज्य भूमि प्रभावित होगी। अर्थान इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **1.800हे0**वन भूमि **0.720हे0** आरक्षित वन भूमि एवं 1.08हे0 सिविल भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **1.800हे0** बन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग **46** वृक्ष चीड़,साल एवं कुकाट प्रजाति के तथा 10–20व्यास वर्ग के 36वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन **गोयूं कक्ष सं0 2** से गुजरेगा/में स्थित है। इस कक्ष की वर्तमान वन आच्छादन **10–40 प्रतिशत** है एवं इस कक्ष में **चीड़, साल** प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर कोई वृक्ष मौजूद नही है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 78$^{0}$41' 31.49"E/ 29$^{0}$49' 29.02" N है तथा यह स्थल ग्राम गोयूं की सीमा से प्रारम्भ होता है। समरेखण का अन्तिम स्थल ग्राम बरस्वार है जिसका GPS मान 78$^{0}$41' 32.28"E/ 29$^{0}$48' 3.86" N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान 78$^{0}$41' 34.73"E/ 29$^{0}$49' 7.64" N हैं।

चयनित समरेखन में कुल 28 पौधों (10–20 व्यास वर्ग के 30वृक्ष भी अतिरिक्त) को अन्य स्थानान्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा ।

चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क / वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर पालकोट–बरस्वार मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्राम बरस्वार के 3 न0 स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान (1) 78°41' 28.10"E/ 29°49'10.79"N (2) 78°41' 28.73"E/ 29°49' 8.00"N (3) 78°41' 30.17"E/ 29°49' 5.67"N हैं। इस परियोजना का निर्माण जनहित में आवश्यक है।

उपरोक्त मार्ग के किमी0 0.00 से किमी0 2.300तक ग्राम पालकोट, गोयूं तथा ग्राम बरस्वार की सिविल व नाप भूमि तथा आरक्षित वन गोयूं कम्पार्टमेंट संख्या 2 में हल्का वाहन मार्ग पूर्ण से ही निर्मित है जिस पर जीप / हल्का वाहन द्वारा यातायात किया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी के अभाव में एक मोड़ पर चौड़ीकरण करने पर रेंज केस सं0 014/लैन्सडौन 2009-10 जारी किया गया तत्पश्चात आरक्षित वन भूमि में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नही किया गया है। किमी0 2.300 से किमी0 4.00 तक ग्राम बरस्वार की नाप भूमि में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| महिपाल सिंह रावत<br>अमीन<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0। | सुदेश कुमार<br>अपर सहायक अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0। | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। |

| | | |
|---|---|---|
| जयपाल सिंह भण्डारी<br>अनुभाग अधिकारी<br>बरस्वार बीट। | वनक्षेत्राधिकारी<br>लैन्सडौन नागरिक<br>लैन्सडौन। | उपप्रभागीय वनाधिकारी<br>लैन्सडौन उप वन प्रभाग<br>लैन्सडौन। |

राजस्व पुलिस ... (रा0 उ0 नि0) ... तल्ला बदलपुर ... पौड़ी गढ़वाल

| | | |
|---|---|---|
| राजस्व उप निरीक्षक<br>पट्टी तल्ला बदलपुर। | प्रतिहस्ताक्षरित<br>तहसीलदार<br>लैन्सडौन।<br>तहसीलदार<br>लैन्सडौन | प्रतिहस्ताक्षरित<br>उपजिलाधिकारी<br>लैन्सडौन।<br>उप जिलाधिकारी<br>लैन्सडौन (गढ़वाल) |
| | | प्रतिहस्ताक्षरित<br>जिलाधिकारी<br>गढ़वाल।<br>जिला मजिस्ट्रेट<br>गढ़वाल |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्य देव शाह<br>(अन्य दावेदार)<br>प्रतिनिधि | श्रीमती शोभा देवी<br>जन प्रतिनिधि<br>प्रतिनिधि | प्रभागीय वनाधिकारी<br>लैन्सडौन वन प्रभाग<br>कोटद्वार। |

प्रधान ग्राम पंचायत, बरस्वार<br>प0 ____<br>दिनांक ____<br>तह0 लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)